सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{06 फाल्गुन 1941 (श०)}}{\text{25 फरवरी, 2020 (ई०)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 126**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | .. | 82 |
| (2) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | 15 |
| (3) | समाज कल्याण विभाग | .. | 12 |
| (4) | परिवहन विभाग | .. | 04 |
| (5) | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग | .. | 03 |
| (6) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | 02 |
| (7) | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग | .. | 07 |
| (8) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | 01 |
| | | कुल योग -- | 126 |

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना

*1. श्री ललित कुमार यादव--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 15 जनवरी, 2020 को प्रकाशित शीर्षक ''आठ साल के 57 प्रतिशत बच्चे नहीं पहचानते खुशी और गम'' को ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था ''प्रथम'' के वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार नालन्दा जिला के 4 से 8 साल के बच्चे खुशी, दुःख, क्रोध और डर तक नहीं पहचानते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी स्कूलों के कक्षा तीन के 43 प्रतिशत बच्चे ही दो अंकों के जोड़ सही बनाने में सफल रहे ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नालन्दा सहित राज्य के विद्यालयों में गणुवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

संगीत शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*2. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई एवं सोनो प्रखंड में अवस्थित विद्यालयों में संगीत की शिक्षा नहीं दिये जाने से ग्रामीण छात्र-छात्राओं में संगीत के प्रति रूचि जागृत नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोनों प्रखंडों में अवस्थित विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को संगीत शिक्षा प्रदान करने हेतु शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*3. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखंड अन्तर्गत बिजबनी दक्षिणी पंचायत के ग्राम-बिजबनी में स्थित मध्य विद्यालय का भवन नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विषयवार शिक्षकों का पदस्थापन

*4. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत मोक्षदा बालिका इन्टर स्कूल, भागलपुर एवं श्री मारवाड़ी पाठशाला, भागलपुर में विषयवार शिक्षकों की कमी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में विषयवार शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार

*5. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के बेलागंज प्रखंड अन्तर्गत एरकी गाँव में नवरत्न शिव मंदिर अवस्थित है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्थां में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राचीन शिवमंदिर के जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आई0 फीस कम करना

*6. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा मुख्यालय में निबंधन कार्यालय द्वारा आई फीस 5,000 रुपया लिया जाता है जबकि सरकार द्वारा आई फीस 1,000 रुपये लिये जाने की घोषणा की गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक आई फीस 1,000 रुपये करने का विचार रखती है, नहीं, तो, क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*7. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के निस्ता ग्राम पंचायत में स्थित प्राथमिक विद्यालय, मीनापुर का भवन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*8. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चकिया प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, भगवानपुर में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण पठन-पाठन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उच्च विद्यालय में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य की जाँच

*9. श्री मुनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा प्रखण्ड में वर्ष 2019-20 में मंजूरी प्राप्त 16 उच्च विद्यालयों के भवन निर्माण का कार्य मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मानक के अनुरूप विद्यालय भवन का निर्माण कार्य नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक । सारण जिलान्तर्गत गरखा प्रखण्ड में वर्ष 2019-20 में 15 उच्च माध्यमिक विद्यालयविहीन पंचायतों के मध्य विद्यालय को कक्षा-9 के संचालन हेतु चयनित किया गया है जिसमें 10 विद्यालयों में भवन निर्माण का कार्य चल रहा है, सभी निर्माणाधीन विद्यालयों का निर्माण कार्य संबंधित विद्यालय के विद्यालय शिक्षा समिति द्वारा मानक के अनुरूप कराया जा रहा है, जिसपर बिहार शिक्षा परियोजना, सारण के अभियंताओं द्वारा आवश्यक तकनीकी अनुसमर्थन दिया जा रहा है।

----------

स्टेडियम का निर्माण पूर्ण कराना

*10. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखण्ड के खेल मैदान, खड्डा में स्टेडियम का निर्माण वर्ष 2008 से चल रहा है जो अभीतक अर्द्धनिर्मित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अर्द्धनिर्मित स्टेडियम का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखण्ड के खेल मैदान, खड्डा, पतहरी में स्टेडियम निर्माण को पूर्ण कराने हेतु जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण से विभागीय पत्रांक 168, दिनांक 13 फरवरी, 2020 द्वारा निदेशित किया गया है।

----------

जल-जीवन-हरियाली अभियान में शामिल करना

*11. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत तीन वर्षों में 25,524 करोड़ की लागत से राज्य के तालाब, पोखर, आहर, पईन एवं कुँए तथा सभी जलश्रोतों के उद्धार के लिए अभियान चलाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर के 55 तालाबों में से एक भी तालाब को जल-जीवन-हरियाली के तहत खुदाई की स्वीकृति नहीं मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दरभंगा शहर के 55 तालावों को जल-जीवन-हरियाली अभियान में शामिल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पोशाक एवं छात्रवृत्ति लाभ दिलाना

*12. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में सरकारी मदरसों के छात्र/छात्राओं को पोशाक एवं छात्रवृत्ति योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जिला के मदरसों में पठन-पाठन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को पोशाक एवं मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई

*13. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है भोजपुर जिला के बड़हड़ा प्रखंड में कन्या प्राथमिक विद्यालय, लवकुशपुर में एम0 डी0 एम0, योजना पोशाक एंव पुस्तक की राशि सहित कई लाभकारी योजना की राशि का अवैध रूप से निकासी की जाँच प्रतिवेदन उप-निदेशक (एम0 डी0 एम0) द्वारा पत्रांक 1149, दिनांक 10 जुलाई, 2019 के माध्यम से दोषियों को चिन्हित करते हुए विभाग को समर्पित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रतिवेदन में चिन्हित दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच प्रतिवेदन के आलोक में दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय भवन का निर्माण

*14. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली प्रखंड ग्राम-कृष्णापली में 2012 में उच्च विद्यालय-सह-इंटर कॉलेज की स्थापना की स्वीकृति तथा 2014 में विद्यालय भवन के निर्माण की स्वीकृति मिली थी परंतु जमीन संबंधी विवाद के कारण भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में उक्त विद्यालय की जमीन का विवाद समाप्त हो चुका है और जमीन की चहारदीवारी भी बन चुकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*15. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखण्ड स्थित महिला सेविका प्रशिक्षण केन्द्र, बोधगया का चहारदीवारी जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त प्रशिक्षण केन्द्र के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*16. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड के ग्राम-बगादाह में 10+2 स्कूल के भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2011-12 में पूर्ण किया जाना था किन्तु अभीतक कार्य लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य० प्रमंडल-2 शेरघाटी के पास राशि उपलब्ध है ;

(3) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण करीब 700 बच्चे/बच्चियाँ एक ही कमरे में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उच्च विद्यालय में उत्क्रमण

*17. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बीरपुर प्रखंड के नौला पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय, गाड़ा, उच्च विद्यालय में उत्क्रमण की सारी अर्हता को पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी एवं वर्ग कक्ष का निर्माण

*18. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के अमनौर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम खोरीपाकड़ गोविन्द स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं के अनुपात में वर्ग कक्ष की कमी रहने एवं चहारदीवारी नहीं होने से बच्चों में असुरक्षा का भाव रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में चहारदीवारी एवं छात्र-छात्राओं के अनुपात में वर्ग कक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बुनियादी केन्द्र की स्थापना

*19. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा के अम्बा प्रखंड में बुनियादी केन्द्र नहीं हैं यदि हाँ, तो सरकार कबतक अम्बा प्रखंड मुख्यालय में बुनियादी केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य चालू कराना

*20. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मां मुण्डेश्वरी धाम में वर्ष 2007-08 में पुरातत्व विभाग द्वारा बोल्डर से चहारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था जिसको डी० एफ० ओ० कैमूर द्वारा बंद करा दिये जाने के कारण उक्त मद की राशि पड़ी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अनापत्ति प्रमाण-पत्र देकर उक्त कार्य को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*21. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गोरेया कोठी प्रखंड के लिलारो औरंगाबाद पंचायत के ग्राम जुमन छपरा में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जुमन छपरा में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक विद्यालय स्थापित करना

*22. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखंड के हासिलपुर पंचायत के बरियाचक ग्राम में प्राथमिक विद्यालय स्थापित नहीं रहने के कारण उक्त ग्राम के बच्चे प्राथमिक शिआ से वंचित रह जाते है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

*23. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के 18 प्रखंडों में से मात्र 6 प्रखंड में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पदस्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड में 2015 के अक्टूबर, से ही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पद प्रभार में चल रहा है जिससे नियमित रूप से विद्यालय का निरीक्षण कार्य नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या खंड (2) में वर्णित प्रखंड के साथ-साथ जिले के अन्य प्रखंडों के रिक्त पदों पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की नियमित पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*24. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंडान्तर्गत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, कपछाही, दाईंग एवं पिररी में विषवार शिक्षकों की कमी है;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहरी क्षेत्र के विद्यालय एवं शहर से सटे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में स्वीकृत शिक्षक के पद से अधिक शिक्षक पदस्थापित है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एकरूपता लाकर शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कन्या विवाह योजना का लाभ

*25. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड पण्डौल, रहिका एवं नगर परिषद् क्षेत्र, मधुबनी में कन्या विवाह योजना के तहत वर्ष 2013 के बाद से कन्या विवाह योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में लंबित कन्या विवाह योजना का लाभ दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## चहारदीवारी का निर्माण

*26. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कोटवा प्रखंड स्थित शिवधर अनूठा उच्च विद्यालय, कोटवा का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शिवधर अनुठा उच्च विद्यालय, कोटवा के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## आँगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार

*27. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के मुंगराहाँ ग्राम के वार्ड नं०-4 में स्थित आँगनबाड़ी केन्द्र जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक विद्यालय स्थापित करना

*28. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के ग्राम-नावा, आहर एवं जेरकारा में प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण वहाँ के छात्र- छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड के वर्णित ग्रामों में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*29. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के पकरीवरावाँ प्रखंड स्थित इंटर विद्यालय, पकरीवरावाँ का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण विद्यालय के जमीन का अतिक्रमण एवं कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उच्च विद्यालय में उत्क्रमण

*30. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान सभा क्षेत्र के शम्भूगंज प्रखंड के कुर्मा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय, धर्मपुर से प्रोन्नत लड़कियों को तारापुर प्रखंड स्थित 7 कि० मी० दूर उच्च विद्यालय, शांतिनगर, पठन-पाठन हेतु जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक धर्मपुर मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आधारभूत संरचना का निर्माण

*31. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड के राजकीयकृत गुट्टीलाल कन्या उच्च माध्यमिक (+2) विद्यालय एवं गौनाहा प्रखंड के रघुवीर परियोजना उच्च विद्यालय, सुभद्रा, जमुनिया (+2) में छात्र-छात्राओं के अनुपात में आधारभूत संरचना के निर्माण नहीं होने से शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित उच्च विद्यालयों में आधारभूत संरचना का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पदस्थापन

*32. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के 9 प्रखंड में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पदस्थापित हैं, परन्तु शेष 12 प्रखंडों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शेष प्रखंडों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*33. श्रीमती रंजू गीता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी एवं बोखरा प्रखण्डों में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों के नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों में स्थित विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय भवन का निर्माण

*34. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला मुख्यालय में स्थित मॉडल स्कूल राजकीय कन्या उच्च विद्यालय का भवन जर्जर है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय भवन का निर्माण

*35. श्री शाहनवाज--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखण्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय, रहिला टोला का भवन नहीं होने के कारण वर्ष 2007 से मध्य विद्यालय, सिसौना के साथ संचालित हो रहा है, जिसके कारण उक्त टोला के छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक विद्यालय का भवन निर्माण कर पठन-पाठन सुचारू रूप से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*36. श्री चंद्रशेखर--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मधेपुरा सदर, मुरलीगंज, गम्हरिया एवं धैलाद प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रबंधकारिणी समिति का गठन नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार प्रबंधकारिणी समिति का गठन नहीं करने वाले पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## चहारदीवारी का निर्माण

*37. श्री रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत गिद्धौर प्रखंड के कोल्हुआ पंचायत के धोबघट गाँव स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय, धोबघट का भवन क्षतिग्रस्त है, साथ ही परिसर में जल-जमाव रहने तथा चहारदीवारी नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के क्षतिग्रस्त भवन का जीर्णोद्धार सहित मिट्टी भराकर समतलीकरण करने एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*38. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखंड अंतर्गत रामरूप बलदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालाकोठी में 11वीं एवं 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को पढ़ाने हेतु शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण पठन-पाठन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## स्टेडियम का निर्माण

*39. श्री (मो0) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा प्रत्येक प्रखंड में एक स्टेडियम के निर्माण करने का निर्णय लिये जाने के बावजूद गोपालगंज जिला के बरौली प्रखण्ड में स्टेडियम का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड में स्टेडियम का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखण्ड में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति हेतु जिला पदाधिकारी, गोपालगंज से प्रस्ताव की माँग विभागीय पत्रांक 232, दिनांक 17 फरवरी, 2020 द्वारा की गयी है ।

प्रस्ताव प्राप्त होते ही विभागीय मानक के अनुरूप निर्विवाद सरकारी भूमि उपलब्ध होने पर स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा ।

अवैध मिट्टी उत्खनन पर रोक लगाना

*40. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत जहानाबाद प्रखंड के पंचायत नौरू स्थित मुस्तीचक टोला पुनीत बिगहा से 600 मीटर पश्चिम दरधा नदी के किनारों से मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी से अवैध मिट्टी उत्खनन पर रोक लगाने एवं संलिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

डिग्री कॉलेज खोलना

*41. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज नहीं रहने से ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएँ उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पौधशाला का पुनर्निर्माण

*42. श्री चंद्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय प्रखंड कार्यालय परिसर क्षेत्र में एक एकड़ भूमि उपलब्ध है जो वर्ष 1990-91 तक पौधशाला के रूप में विकसित था ;

(2) क्या यह बात सही है कि जल-जीवन हरियाली बिहार के अन्तर्गत पौधशाला के निर्माण हेतु इस वित्तीय वर्ष नालन्दा में जिला को विभाग द्वारा राशि भी आंवटित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित पौधशाला का निर्माण कर पौधे का वितरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्राथमिक विद्यालय स्थापित करना

*43. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के वार्ड संख्या 15 शिम्भूडीह में प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने से बच्चों को पठन-पाठन हेतु डेढ़ कि०मी० दूर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वार्ड में प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पी०जी०की पढ़ाई

*44. श्री अत्री मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत हिलसा प्रखंड स्थित एस०यू० कॉलेज में डिग्री तक पठन-पाठन किया जाता है, लेकिन पी०जी० की पढ़ाई नहीं होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में स्थित एस०यू० कॉलेज में पी०जी० की पढ़ाई शुरू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*45. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत मझौलिया प्रखण्ड स्थित उच्च विद्यालय, राजाभार में स्टेडियम निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय स्थित भूमि पर स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत प्रत्येक प्रखण्ड में एक आउटडोर स्टेडियम निर्माण का लक्ष्य है। पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत मझौलिया प्रखण्ड के हरगुण उच्च विद्यालय, सरिसवा में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 36, दिनांक 26 अगस्त, 2008 द्वारा दी जा चुकी है।

अतएव एक ही प्रखण्ड में अन्य स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति पर विचार नहीं किया जा सकता है।

------------

वृक्षारोपण एवं चहारदीवारी का निर्माण

*46. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर जलवायु को ध्यान में रखते हुये बड़े स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य करने का निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के नरकटिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बनकटवा प्रखण्ड के ईनरवा, फुलवार पंचायत के कोचिलावन जो 12 बीघा में फैला हुआ है उसमें लगभग 90 प्रतिशत पेड़ आयु होने के कारण सूख चुका है, साथ ही चहारदीवारी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्वों का भी जमावड़ा लगा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वन में सूख चुके पेड़ के स्थान पर नया पेड़ लगाते हुये चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चहारदीवारी का निर्माण

*47. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मोहनीटीकापुर एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कमालपुर का चहारदीवारी नहीं होने के कारण विद्यालय प्रांगण में आवारा पशुओं एवं असामाजिक तत्वों का प्रवेश होने से छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

इंजीनीयरिंग कॉलेज की स्थापना

*48. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत एम०एस० कॉलेज रोड, अलौली की जमीन पर इंजीनीयरिंग कॉलेज की स्थापना हेतु जिला स्तर से सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कॉलेज की जमीन पर इंजीनीयरिंग कॉलेज का निर्माण कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार

*49. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखण्ड के खेमपिपरा पंचायत में स्थित उच्च विद्यालय, खेमपिपरा का भवन 10 वर्षों से जर्जर है जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

निबंधन कार्यालय का भाग बनाना

*50. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत तारडीह, मनीगाछी एवं बहेड़ी प्रखण्ड/अंचल की दूरी दरभंगा निबंधन कार्यालय से क्रमश: 48 कि०मी०, 37 कि०मी० एवं 25 कि०मी० है जबकि बहेड़ा निबंधन कार्यालय से इन जगहों की दूरी क्रमश: 18 कि०मी०, 16 कि०मी० एवं 20 कि०मी० है;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) के तथ्य के आलोक में भूमि सुधार उप-समाहर्ता बिरौल, अनुमंडल पदाधिकारी, बेनीपुर एवं अपर समाहर्ता दरभंगा द्वारा एक संयुक्त अनुशंसा पत्र दिनांक 12 अक्तूबर, 2019 को जिला पदाधिकारी, दरभंगा को भेजा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक खंड (2) में वर्णित अनुशंसा पत्र के आलोक में तारडीह, मनीगाछी एवं बहेड़ी को बहेड़ा निबंधन कार्यालय का भाग बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पक्षी बिहार का निर्माण एवं सफाई

*51. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड में स्थित बरैला झील, में आधारभूत संरचनाओं का अभाव रहने तथा झील में गाद जमा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त झील में आधारभूत संरचनाओं का निर्माण एवं गाद की सफाई करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

टोला सेवकों के रिक्त पद पर नियुक्ति

*52. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के कैरीबीरपुर, बिशनपुर सहित 11 (ग्यारह) पंचायतों में टोला सेवक का पद रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों में टोला सेवकों के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

महिला डिग्री महाविद्यालय की स्थापना

*53. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत उदाकिसुनगंज अनुमंडल में महिला डिग्री महाविद्यालय नहीं रहने के कारण यहाँ की छात्रायें डिग्री स्तर की शिक्षा पाने से वंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अनुमंडल में महिला डिग्री महाविद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सीसीटीवी कैमरे चालू करवाना

*54. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के दालकोला चेकपोस्ट पर 32 सीसीटीवी कैमरे खराब हैं साथ ही स्कैनर नहीं लगाये जाने के कारण संदिग्ध सामान राज्य से आसानी से प्रवेश कर रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दालकोला चेकपोस्ट पर सभी सीसीटीवी कैमरे चालू करवाने एवं स्कैनर स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बी०ई०ओ० के विरुद्ध कार्रवाई

*55. श्री नीरज कुमार--दिनांक 31 जनवरी, 2020 को समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''विधान सभा में उठेगा बी०ई०ओ० का मामला'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के बी०ई०ओ० द्वारा प्राथमिक विद्यालय टैगोर पोखरिया के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों से निरीक्षण के नाम पर मोटी रकम की माँग की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित घटनाक्रम के संबंध में जिलाधिकारी के निर्देश पर डी०ई०ओ० द्वारा स्पष्टीकरण पूछे जाने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बी०ई०ओ० के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अनुग्रह अनुदान राशि का आवंटन

*56. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बैसा प्रखंड के खपड़ा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय, पटुगाँव में पदस्थापित स्व0 बेबी कुमारी भूतपूर्व पंचायत शिक्षिका का देहान्त सेवाकाल में दिनांक 7 जुलाई, 2017 को हो गया था, जिसके आश्रित को अनुग्रह अनुदान की एक मुश्त मिलने वाली राशि 4,00,000 (चार लाख) रुपये का भुगतान आवंटन के अभाव में नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्णियाँ के पत्रांक 24, दिनांक 4 जनवरी, 2020 द्वारा अवर सचिव-सह-बजट पदाधिकारी, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से अनुग्रह अनुदान की राशि का आवंटन की माँग की गई, ताकि आश्रित को भुगतान किया जा सके ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक आवंटन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वृद्धा पेंशन का भुगतान

*57. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड पण्डौल, रहिका एवं नगर परिषद् क्षेत्र, मधुबनी के अन्तर्गत 600 से अधिक वृद्ध व्यक्तियों के अंगूठा एवं आँख का सत्यापन नहीं हो सकने के कारण वृद्धा पेंशन नहीं मिल रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सत्यापन कराकर अथवा वैकल्पिक व्यवस्था कर वृद्धा पेंशन से वंचित लोगों को पेंशन का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*58. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हनुमान नगर का चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो, सरकार कबतक उक्त उत्क्रमित मध्य विद्यालय का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का जीर्णोद्धार

*59. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर नगर के मस्जिद चौक के पास स्थित सेन्ट्रल लाईब्रेरी का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण उक्त लाईब्रेरी में स्थित पुस्तकें एवं पांडुलिपि सुरक्षित नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक हाजीपुर स्थित सेंट्रल लाईब्रेरी के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रोन्नति देना

*60. श्री शिवचंद्र राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के मध्य विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों का पद रिक्त रहने के बावजूद स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली द्वारा प्रोन्नति नहीं दी जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रोन्नति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*61. श्री रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत झाझा प्रखंड के उच्च विद्यालय, बैजला का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण विद्यालय कैम्पस में आवारा पशु एवं असामाजिक तत्व प्रवेश कर जाते है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*62. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड के रामनगर पंचायत के ग्राम-गोरगामा वार्ड नम्बर 1 स्थित आँगनबाड़ी केन्द्र संख्या 64 का भवन निर्माण हेतु उक्त वार्ड में ही खाता नम्बर 123, खेसरा नम्बर 895 गैर मजरूआ आम जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उपलब्ध भूमि पर आँगनबाड़ी केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बकाया मानदेय का भुगतान

*63. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका के मानदेय का भुगतान विभाग द्वारा उनके खाते में ऑनलाइन किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर, बछवाड़ा एवं मंसूरचक प्रखंडों में कार्यरत सेविका/सहायिका का ऑनलाइन मानदेय भुगतान से पहले के सात माह का मानदेय भुगतान लम्बित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के सेविका/सहायिका को बकाया मानदेय का भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई

*64. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित म० वि० गोपीनाथपुर उर्दू विद्यालय को वर्ष 2012-13 में अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण हेतु बिहार शिक्षा परियोजना मुजफ्फरपुर द्वारा तत्कालिक प्रधानाध्यापक को 7.75 लाख रुपये आवंटित किया गया था, लेकिन उक्त प्रधानाध्यापक द्वारा राशि की निकासी कर ली गयी परंतु भवन का निर्माण कार्य नहीं कराया गया, उक्त आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के पत्रांक-784 दिनांक 8 फरवरी, 2017 द्वारा दोषी प्रधानाध्यापक पर तात्कालिक प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, मोतीपुर को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गया, जिसका अनुपालन आजतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक गबन के दोषी तात्कालिक प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई करते हुए उक्त विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

उच्च विद्यालय खोलना

*65. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड के घोड़ाडिहरी पंचायत में +2 उच्च विद्यालय नहीं रहने से उक्त पंचायत के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में +2 उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जंगल को पर्यटकों के लिए खोलना

*66. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया से 8 किलोमीटर की दूरी पर उदयपुर वन स्थित है, जहाँ पर्यटकों के लिए किचेन शेड, सुसज्जित कमरों का निर्माण वर्ष 2014 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 में उक्त जंगल को पर्यटकों के लिए खोला गया था लेकिन वर्ष 2017 से पर्यटकों के लिए प्रवेश वर्जित कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जंगल को पर्यटकों के लिए खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

स्टेडियम का निर्माण

*67. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखण्ड स्थित ग्राम-बसंत बिगहा में स्टेडियम निर्माण हेतु सरकार की चार एकड़ भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में उपलब्ध भूमि पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत प्रत्येक प्रखण्ड में एक आउटडोर स्टेडियम निर्माण का लक्ष्य है।

रोहतास जिला के काराकाट प्रखण्ड के बलदेव सिंह उच्च विद्यालय, बौधा में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या-186, दिनांक 20 जुलाई, 2015 द्वारा दी जा चुकी है।

अतएव एक ही प्रखण्ड में दो स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति पर विचार नहीं किया जा सकता है।

कार्यालय भवन का निर्माण

*68. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के गढ़पुरा एवं बखरी प्रखण्ड में सी0 डी0 पी0 ओ0 का कार्यालय भवन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड मुख्यालयों में सी0 डी0 पी0 ओ0 कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनियमितता पर कार्रवाई

*69. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2008 के दी स्टैच्युट्स आफ दी यूनिवर्सिटी चैप्टर-1 की कंडिका-3 में कुलपति की नियुक्ति विधिवत् गठित तीन सदस्यीय समिति द्वारा अनुशंसित पैनेल के व्यक्ति में से की जानी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित अधिनियम की धारा 3(डी) के तहत आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय का कुलपति, विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होगा ;

(3) क्या यह बात सही है कि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति बिना उपर्युक्त प्रक्रिया का अनुपालन किये ही कर दी गयी तथा उन्हें चिकित्सक के रूप में प्राईवेट प्रैक्टिस की छूट दी गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति में हुई अनियमितता के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रखण्ड शिक्षिकाओं/शिक्षकों का अंतर राशि का भुगतान

*70. श्री चंद्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2018 में सरकार द्वारा लिये गये निर्णयानुसार राज्य के सभी नियोजित शिक्षकों का किसी भी प्रकार के बकाया राशि के भुगतान की कार्रवाई शीघ्र की जानी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के खुटौना प्रखण्ड में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती बबीता कुमारी सहित अन्य प्रखण्ड शिक्षक/शिक्षकाओं का सप्तम वेतन का अंतर राशि सहित अन्य बकाया राशि का विपत्र तैयार कर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), मधुबनी को छः माह पूर्व भेजा गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), मधुबनी द्वारा उक्त प्रखण्ड शिक्षकों के भुगतान की कार्रवाई नहीं किये जाने के कारण उन्हें आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड शिक्षिकाओं /शिक्षकों का अंतर राशि सहित सभी प्रकार के बकाया राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बस ठहराव का निर्माण

*71. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला का तारापुर अनुमंडल में सरकारी वाहनों के ठहराव हेतु कोई स्थायी संरचना उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तारापुर प्रखंड मुख्यालय तारापुर बाजार स्थित 5 एकड़ से ज्यादा भूमि परिवहन विभाग की उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड मुख्यालय स्थित परिवहन विभाग की भूमि पर बस ठहराव संरचना एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना

*72. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा वर्ष 2010 में निर्णय लिया गया है कि राज्य के सभी पंचायतों में एक उच्च विद्यालय का निर्माण किया जायेगा, यदि हाँ, तो सरकार तोल पंचायत मुख्यालय में अवस्थित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सरकारी बस का परिचालन

*73. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड स्थित भिट्ठा मोड़ से पटना तक सरकारी बस का परिचालन नहीं होने के कारण निजी बस मालिकों द्वारा मानक से अधिक किराया वसूला जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भिट्ठा मोड़ से पटना तक सरकारी बस का परिचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*74. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड में नया प्राथमिक विद्यालय, नरकटिया (पश्चिम) हेतु जमीन उपलब्ध होने के बावजूद अबतक विद्यालय भवन का निर्माण नहीं होने से छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पार्क का निर्माण

*75. श्री शिवचंद्र राम (127)--क्या मंत्री, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महुआ एवं महनार अनुमंडल मुख्यालय में पार्क नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अनुमंडल मुख्यालयों में कबतक पार्क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*76. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के लकड़ी नबीगंज प्रखंड के पंचायत मोपतपुर के बाला स्थित बेसिक स्कूल को छ: साल पहले माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने के बावजूद शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण छात्र-छात्रायें पठन-पाठन से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रोत्साहन राशि का भुगतान

*77. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से पास अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को सरकार द्वारा 10,000/- रुपये का प्रोत्साहन दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में वर्ष 2017 में प्रथम श्रेणी से मैट्रिक पास अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को अभीतक प्रोत्साहन राशि नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोहतास जिला के प्रथम श्रेणी से मैट्रिक पास अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज खोलना

*78. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया एवं हरसिद्धि प्रखंड में डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है। प्रस्तुत प्रश्न के संदर्भ में कहना है कि राज्य की वर्तमान नीति के अनुसार सम्प्रति सिर्फ उन्हीं अनुमंडलों में सरकारी डिग्री महाविद्यालय खोलने की योजना है, जहाँ पूर्व से अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय संचालित नहीं है। पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखंड मोतिहारी अनुमंडल के अन्तर्गत है, जहाँ पूर्व से एल० एन० डी० कॉलेज, मोतिहारी, एम० एस० कॉलेज, मोतिहारी, एस० एन० एस० कॉलेज, मोतिहारी अंगीभूत महाविद्यालय के रूप संचालित है। इसी प्रकार हरसिद्धि प्रखंड अरेराज अनुमंडल के क्षेत्रान्तर्गत है, जहाँ पूर्व से एम० एस० एस० जी० कॉलेज, अरेराज अंगीभूत महाविद्यालय के रूप में संचालित हो रहा है।

अत: उक्त दोनों प्रखंडों में सम्प्रति डिग्री महाविद्यालय खोलने की कोई योजना राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है।

विद्यालय भवन का निर्माण

*79. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर नगर निगम क्षेत्र में स्थित मध्य विद्यालय, बरेहपुरा सहित अन्य उर्दू मध्य विद्यालयों के भवनों का निर्माण संबंधित योजना वर्ष 2017-18 से ही स्वीकृत है, लेकिन आजतक कार्य आरंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उर्दू मध्य विद्यालय के भवनों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सी० डी० पी० ओ० का पदस्थापन

*80. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्रखंड राजनगर एवं अन्धराठाढ़ी में सी० डी० पी० ओ० का पदस्थापन नहीं होने से बच्चों को पोषाहार एवं आँगनबाड़ी केन्द्र का संचालन सुचारू रूप से नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों में सी० डी० पी० ओ० का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय में वर्गकक्ष निर्माण

*81. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड स्थित राजकीयकृत गुट्टीलाल कन्या उच्च विद्यालय माध्यमिक (+2) विद्यालय, रामनगर में वर्गकक्ष के अभाव में छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रमाण-पत्र देना

*82. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में निबंधित शादी का प्रमाण-पत्र 30 दिन के बाद देने का प्रावधान है तथा 90 दिन तक प्रमाण-पत्र संबंधित कार्यालय से प्राप्त होता है, 90 दिन के बाद प्रमाण-पत्र नहीं मिलता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार निबंधित शादी का प्रमाण-पत्र देने की समयावधि को कम करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन का निर्माण

*83. श्री राम विचार राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारू प्रखंड के चाँदकेवारी पंचायत के ग्राम-दुबौली में गैर-मजरूआ भूमि पर वर्ष 2006 से नवीन प्राथमिक विद्यालय (अनुसूचित जाति टोला) का भवन नहीं है जबकि गैर-मजरूआ जमीन थाना नं० 125, खाता नं० 94, खेसरा नं० 289, रकबा 0.32 पर विद्यालय भवन निर्माण कराये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र अंचलाधिकारी, पारू के पत्रांक 12, दिनांक 24 अगस्त, 2011 द्वारा दिया गया है जो अभीतक प्रक्रियाधीन है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अंचलाधिकारी, पारू के अनापत्ति प्रमाण-पत्र के आलोक में उक्त गैर-मजरूआ जमीन पर विद्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जल-जमाव से निजात

*84. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा नगर पंचायत के +2 भोला उच्च विद्यालय, डेवढ़, घोघरडीहा का सम्पूर्ण परिसर वर्गकक्ष सहित तीन माह तक जलमग्न रहता है, जिससे शिक्षण कार्य पूर्णतया बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित विद्यालय में जल-जमाव न हो इस संबंध में कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*85. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगियाँव प्रखंड अन्तर्गत नारायणपुर पंचायत के ग्राम-नारायणपुर में स्टेडियम निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में उपलब्ध भूमि पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि भोजपुर जिला के अगियाँव प्रखंड में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति हेतु जिला पदाधिकारी, भोजपुर से प्रस्ताव की माँग विभागीय पत्रांक 233, दिनांक 17 फरवरी, 2020 द्वारा की गयी है ।

प्रस्ताव प्राप्त होते ही विभागीय मानक के अनुरूप निर्विवाद सरकारी भूमि उपलब्ध होने पर स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा ।

स्टेडियम का निर्माण

*86. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड के जे0 एम0 उच्च विद्यालय, कमतौल में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2009 में स्टेडियम की स्वीकृति मिली थी परन्तु स्टेडियम का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखण्ड के जे0 एम0 उच्च विद्यालय, कमतौल में स्टेडियम निर्माण को पूर्ण कराने हेतु जिला पदाधिकारी, दरभंगा से विभागीय पत्रांक 236, दिनांक 17 फरवरी, 2023 द्वारा निदेशित किया गया है ।

----------

बस का परिचालन

*87. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला मुख्यालय से परिहार प्रखण्ड के परवाहा से मुजेलिया पथ तक सरकारी बस का परिचालन नहीं होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सीतामढ़ी जिला मुख्यालय से मुजेलिया भाया परवाहा तक सरकारी बस का परिचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय भवन का निर्माण

*88. श्री अत्रि मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत हिलसा नगर परिषद् में स्थित रामचन्द्र प्रसाद गुप्ता कन्या उच्च विद्यालय का भवन बहुत संकीर्ण है, जबकि उक्त विद्यालय में पठन-पाठन हेतु छात्राओं की संख्या 400 है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय भवन का निर्माण हेतु अंचलाधिकारी, हिलसा द्वारा प्लॉट नं0 940, 941, 942 वर्ष 2015 में चिन्हित किया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित भूमि पर कन्या उच्च विद्यालय भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

आँगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण

*89. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के ग्राम-सलया कर्मा तथा बारुण प्रखंड के ग्राम-धमनी गोला में स्थित आँगनबाड़ी केन्द्र का भवन नहीं है जिस कारण बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में स्थित दोनों आँगनबाड़ी केन्द्र के भवन का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*90. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत कालाबलुआ के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कालाबलुआ और उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कालाबलुआ का चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण

*91. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड अंतर्गत श्री रामजी प्रिया उच्च विद्यालय, जोगियारा में नौवीं एवं दशवीं वर्ग में कुल नामांकित छात्र/छात्राओं की संख्या 420 है, जबकि पठन-पाठन के लिए 2 वर्गकक्ष है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उच्च विद्यालय, जोगियारा में अतिरिक्त 6 वर्गकक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्टेडियम का निर्माण

*92. श्री कमरूल होदा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखंड में स्टेडियम नहीं है, जबकि उक्त प्रखण्ड के जहांगीरपुर पंचायत के कचहरी-बसती में स्टेडियम निर्माण हेतु सरकारी जमीन (खेल का मैदान) उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपलब्ध भूमि पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत पोठिया प्रखण्ड में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति हेतु जिला पदाधिकारी, किशनगंज से प्रस्ताव की माँग विभागीय पत्रांक 235, दिनांक 17 फरवरी, 2020 द्वारा की गयी है ।

प्रस्ताव प्राप्त होते ही विभागीय मानक के अनुरूप निर्विवाद सरकारी भूमि उपलब्ध होने पर स्टेडियम का निर्माण की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा ।

चहारदीवारी का निर्माण

*93. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत बलिगाँव में 10+2 इंटरस्तरीय विद्यालय अवस्थित है जिसका तीन तरफ से परिसर खुला रहने के कारण जानवरों के साथ-साथ असामाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है जिससे शिक्षण कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्टेडियम का निर्माण

*94. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के श्रीरामपुर पंचायत के श्रीरामपुर में स्थित खेल मैदान का घेराबन्दी नहीं होने से खिलाड़ियों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त खेल मैदान का घेराबन्दी कराकर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत प्रत्येक प्रखण्ड में एक आउटडोर स्टेडियम निर्माण का लक्ष्य है।

गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के रंगलाल उच्च विद्यालय, शेरघाटी में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 36, दिनांक 26 अगस्त, 2008 द्वारा दी जा चुकी है ।

अतएव एक ही प्रखण्ड में दो स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति पर विचार नहीं किया जा सकता है।

-------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*95. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत खिजरसराय प्रखण्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय, रामपुर का भवन नहीं रहने के कारण बच्चों का पठन-पाठन प्राथमिक विद्यालय, हसनपुरा में किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय का उत्क्रमण

*96. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय, रसूलपुर एवं कन्या मध्य विद्यालय, हनेया उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सारी शर्तों को पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## चहारदीवारी का निर्माण

*97. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखण्ड के पश्चिम सुन्दरापुर में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय का चहारदीवारी निर्माण नहीं होने के कारण आवारा पशु विद्यालय के प्रांगण में प्रवेश कर जाते हैं जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## समान वेतन भुगतान

*98. श्री कमरूल होदा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अराजकीय अनुदानित प्रस्वीकृत मदरसों में दिनांक 15 फरवरी, 2011 से पूर्व में बहाल शिक्षकों को नियमित एवं 15 फरवरी, 2011 के बाद बहाल शिक्षकों को नियोजित माना गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग की अधिसूचना संख्या 230, दिनांक 5 मार्च, 2019 के आलोक में मदरसों में हाफिज पद पर बहाल नियमित एवं नियोजित सभी शिक्षकों को नियोजित मौलवी पद के शिक्षक के समान लगभग 21,000 रुपया प्रतिमाह वेतन भुगतान किया जा रहा है जबकि नियमित मौलवी पद के शिक्षकों को लगभग 41,000 रुपया का प्रतिमाह वेतन भुगतान किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 15 फरवरी, 2011 से पूर्व बहाल नियमित हाफिज पद के शिक्षकों को नियमित मौलवी पद के शिक्षकों के बराबर वेतन भुगतान का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) अस्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है विभागीय संकल्प संख्या 230, दिनांक 5 मार्च, 2019 एवं विभागीय संकल्प संख्या 237, दिनांक 7 मार्च, 2019 द्वारा हाफिज के पद पर कार्यरत कर्मी को पुनरीक्षित वेतन संरचना में मूल वेतन 17,990 रुपये दिया जाना है एवं इसके साथ राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित महंगाई भत्ता देय है ।

(3) सम्प्रति ऐसा कोई प्रस्ताव में सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है ।

पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थापित करना

*99. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी अनुमंडल में पॉलिटेक्निक कॉलेज नहीं रहने से छात्रों को गया जिला मुख्यालय जाकर तकनीकी शिक्षा ग्रहण करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अनुमंडल मुख्यालय में तकनीकी शिक्षा हेतु पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार

*100. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, बखरी का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वीमिंग पुल का निर्माण

*101. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2018 में कंकड़बाग पाटलिपुत्र स्टेडियम के उत्तर में स्वीमिंग पूल के निर्माण का निर्णय लिया गया था, परंतु अभीतक उक्त स्थल पर स्वीमिंग पुल निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर स्वीमिंग पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियमावली बनाना

*102. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में नियोजित शिक्षकों के स्थानांतरण की कार्रवाई स्थानांतरण नियमावली के अभाव में नहीं की जा रही है, यदि हाँ, तो, सरकार कबतक नियोजित शिक्षकों के स्थानांतरण संबंधी नियमावली बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*103. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी विधान सभा क्षेत्र के पीरो प्रखण्ड का नारायणपुर राजकीय मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उच्च विद्यालय में पठन-पाठन के लिये तीन कि०मी० की दूरी तयकर दूसरे गाँव में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

10+2 की पढ़ाई प्रारंभ करवाना

*104. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर प्रखंड अन्तर्गत गंगहारा पंचायत में स्थित राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय, गंगहारा का भवन निर्माण के बावजूद 10+2 का कोड नहीं मिलने के कारण पठन-पाठन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय को कोड उपलब्ध कराकर 10+2 की पढ़ाई प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*105. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित बड़ा रमना खेल मैदान के परिसर में सालोंभर कीचड़ जमा रहता है, जिसके कारण खिलाड़ियों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त खेल मैदान को समतलीकरण कराते हुये चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर अस्वीकारात्मक है ।

वस्तुस्थिति यह है कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत प्रत्येक प्रखण्ड में एक आउटडोर स्टेडियम निर्माण का लक्ष्य है ।

खेल मैदान के समतलीकरण एवं चहारदीवारी निर्माण कराने से संबंधित कोई योजना वर्तमान में विभाग द्वारा संचालित नहीं है ।

विद्यालय को उत्क्रमित करना

*106. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के कोंच प्रखंड के आंती ग्राम में स्थित बिहार मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना द्वारा मान्यता प्राप्त मदरसा गरीब नवाज संचालित हो रहा है जिसमें वर्ग अष्ठम तक की पढ़ाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उर्दू से मैट्रिक की पढ़ाई करने के लिये उक्त प्रखंड में एक भी मदरसा या विद्यालय नहीं है जिसके कारण उर्दू के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित मदरसे को फोकानिया (मैट्रिक) तक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*107. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के राजेन्द्र नगर स्थित बी० पी० सिन्हा फिजीकल ट्रेनिंग सेन्टर में स्टेडियम निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उपलब्ध भूमि पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*108. श्री शाहनवाज--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च विद्यालय, जोकीहाट की उपलब्ध भूमि खाता संख्या 139, खेसरा संख्या 1537 एवं रकबा 2 एकड़ 34 डी० मौजा-सिसौना पर स्टेडियम निर्माण हेतु विद्यालय प्रशासन द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिनांक 10 सितम्बर, 2019 को जिला पदाधिकारी, अररिया को उपलब्ध करा दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भूमि पर कबतक स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

*109. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के पंडित जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय, मढ़ौरा के भंग प्रबंधन के पत्रांक 262, दिनांक 4 फरवरी, 2013 द्वारा कुछ शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों की सेवा समाप्त करने का आदेश निर्गत किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय के प्रबंधन के विरुद्ध जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण के पत्रांक 447, दिनांक 26 नवम्बर, 2013 एवं निगरानी विभाग के पत्रांक T23/2011, दिनांक 23 जुलाई, 2014 द्वारा जाँच प्रतिवेदन विभाग को दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त महाविद्यालय के प्रबंधन के कार्यों की जाँच कराकर सेवा से हटाये गये शिक्षक एवं शिक्षकोत्तर कर्मियों की नियुक्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति

*110. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर सदर प्रखंड में स्थित एम0 पी0 हाई स्कूल एवं चौसा प्रखंड के डिहरी उच्च विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण पठन-पाठन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उच्च विद्यालय को मध्य विद्यालय में स्थानान्तरण

*111. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अन्तर्गत के हरिऔ पंचायत के कहारपुर ग्राम में स्थित उच्च विद्यालय, कहारपुर का भवन बाढ़ से ध्वस्त हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पंचायत में मध्य विद्यालय, महेशपुर हरिऔ स्थित है, जिसमें कमरे की संख्या 17 (सत्रह) है तथा छात्र एवं छात्राओं की संख्या 150 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उच्च विद्यालय, कहारपुर को मध्य विद्यालय, महेशपुर हरिऔ के परिसर में ही स्थानान्तरण कर पठन-पाठन प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नवनिर्मित भवन में स्थानान्तरण

*112. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत दक्षिणी कांटाकोश पंचायत स्थित प्राथमिक मकतब विद्यालय, गुवागाछी का भवन वर्ष 2003-04 से बनकर तैयार है, लेकिन उक्त निर्मित भवन में पठन-पाठन नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के निर्मित भवन में पठन-पाठन संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पठन पाठन प्रारंभ कराना

*113. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड अन्तर्गत मध्य विद्यालय, मनियारी एवं मध्य विद्यालय, बिरनियाँ को वर्ष 2016 में उच्च विद्यालय में वर्ष 2016 में उत्क्रमित कर दिया गया है, परन्तु माध्यमिक स्तर की पठन-पाठन प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त उत्क्रमित माध्यमिक स्तर का पठन-पाठन प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*114. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर एवं वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखण्ड में नियोजन वर्ष 2008 के अन्तर्गत नियोजन इकाई द्वारा नियोजन की कार्रवाई पूर्ण नहीं होने पर संबंधित अभ्यर्थी को शिक्षक नियोजन नियमवाली, 2008 के अंतर्गत पुनः नियोजन हेतु विभाग द्वारा अवसर प्रदान नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में उक्त नियमावली के अंतर्गत वर्ष 2019 में वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखण्ड में नियोजन वर्ष 2008 के ही अंतर्गत लम्बित शिक्षक नियोजन को वर्ष 2019 में पूर्ण किया गया तथा कटिहार जिला का आजमनगर प्रखण्ड नियोजन की कार्रवाई से वंचित रहा ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड के नियोजन में हुए विलंब के दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए नियोजन की कार्रवाई पूर्ण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्टेडियम का निर्माण

*115. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत कोटवा प्रखंड के सियसिया में खेल का मैदान है, जहाँ खेल से जुड़ी गतिविधियाँ सालों भर चलती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत कोटवा प्रखंड में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति हेतु जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण से प्रस्ताव की मांग विभागीय पत्रांक 234, दिनांक 17 फरवरी, 2020 द्वारा की गयी है।

प्रस्ताव प्राप्त होते ही विभागीय मानक के अनुरूप निर्विवाद सरकारी भूमि उपलब्ध होने पर स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा ।

----------

मेधा सूची का प्रकाशन

*116. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में आँगनबाड़ी सुपरवाईजर की बहाली हेतु अभ्यर्थियों से जुलाई, 2019 में आवेदन लिया गया था, परंतु अभीतक मेधा सूची का प्रकाशन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पद पर मेधा सूची का प्रकाशन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*117. डॉ0 अशोक कुमार--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रोसड़ा, सिंघिया एवं शिवाजी नगर प्रखंड में प्रतिनियुक्त सी0 डी0 पी0 ओ0 द्वारा सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों के सेविका और सहायिका द्वारा सहायता राशि के एवंज में अवैध रूप से मोटी रकम नहीं देने के कारण मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्डों के सभी सेविका और सहायिका द्वारा इस संबंध में दिनांक 8 जून, 2019 को लिखित रूप से जिलाधिकारी, समस्तीपुर से शिकायत करने के बाद अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) के वर्णित तथ्यों की जाँच कराते हुए दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## वर्गकक्ष का निर्माण

*118. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के नानपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक म0 वि0, सिरसी को उत्क्रमित कर हाई स्कूल का दर्जा दिया गया है, जहाँ वर्गकक्ष के अभाव में छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## विद्यालय भवन के निर्माण की जाँच

*119. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के बरहट प्रखंड स्थित स्व0 शुक्रदास यादव राजकीय मेमोरियल उच्च विद्यालय, बरहट के प्रांगण में वित्तीय वर्ष 2012-13 से विद्यालय भवन का निर्माण कार्य चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण कार्य तय मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा है जिससे गुणवत्ता प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय भवन के निर्माण कार्य की जाँच कराकर दोषी संवेदक एवं सबंधित पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*120. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड स्थित मुरारपुर पंचायत में स्टेडियम निर्माण हेतु मानक के अनुरूप भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में स्थित उपलब्ध भूमि पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत हरसिद्धि प्रखंड स्थित मुरारपुर पंचायत में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति हेतु जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण से प्रस्ताव की मांग विभागीय पत्रांक 230, दिनांक 17 फरवरी, 2020 द्वारा की गयी है।

प्रस्ताव प्राप्त होते ही विभागीय मानक के अनुरूप निर्विवाद सरकारी भूमि उपलब्ध होने पर स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*121. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहड़ा प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय, जमालचक का भवन निर्माण नहीं रहने के कारण उक्त विद्यालय के बच्चों का पठन-पाठन का कार्य प्राथमिक विद्यालय, किशुनपुरा में किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उच्च विद्यालय का भवन निर्माण

*122. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के दुर्गापुर पंचायत के ग्राम-नवंगाई में उच्च विद्यालय की प्रशासनिक स्वीकृति वर्ष 2015 में मिलने के उपरान्त ग्रामीणों द्वारा जमीन भी उपलब्ध करा दिया गया है, किन्तु अभीतक उच्च विद्यालय का भवन निर्माण नहीं किये जाने के कारण छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में उच्च विद्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का हस्तांतरण

*123. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड के ग्राम-दनवार स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन बनकर तैयार है, परंतु भवन का हस्तान्तरण विद्यालय को नहीं किये जाने के कारण छात्र-छात्राओं को उच्चतर माध्यमिक की शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नवनिर्मित 10+2 भवन को विद्यालय को हस्तगत कराते हुये पठन-पाठन सुचारु रूप से संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*124. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत राजगीर में अवस्थित 10+2 डॉ० भीम राव अम्बेदकर अनुसूचित जाति आवासीय कन्या विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर सुचारु रूप से पठन-पाठन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करना

*125. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत मझुवा पूरब के प्राथमिक विद्यालय कोहवरा विशनपुर के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के बाद मध्य विद्यालय की शिक्षा के लिये कोसी नदी के दो धाराओं को पारकर लालपुर गाँव के मध्य विद्यालय लालपुर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार प्राथमिक विद्यालय कोहवरा विशनपुर को मध्य विद्यालयों में कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*126. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड स्थित के० डी० कन्या उच्च विद्यालय का भवन जर्जर होने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा।

पटना :
दिनांक 25 फरवरी, 2020 (ई०)।

बि०स०मु० 140 (एल०ए०), 2019-20 डी०डी०पी०-550